## संक्षिप्त

### सड़क सुरक्षा अभियान

**भरतपुर (निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा शनिवार को सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रथ एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने कलेक्ट्रेट परिसर से सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रथ एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारम्भ किया। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से सभी को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने तथा दूसरों को भी सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया।

### इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**टोंक।** जिला विशेष टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में डीएसटी टीम व मेहन्दवास थाना पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 5000 का मोस्ट वाटेण्ड ईनामी अपराधी एवं हिस्ट्रीशीटर शंकर पुत्र जन्सी जाति गुर्जर निवासी सोरण थाना सदर टोंक को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अपराधी के विरूद्ध पहले से ही 14 मुकदमें पजीबद्ध है तथा आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा, मोबाइल व मोटरसाइकिल जप्त किया गया हैं। थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पूछताछ जारी हैं ।

### तनिषा सनातनी का स्वागत

**बौंली- बामनवास ।** सावित्रीबाई फुले जन चेतना संस्थान तहसील बौंली के अध्यक्ष अशोक मंडावर के नेतृत्व में एक सामाजिक मंडल ने तनिषा सनातनी के निजी गृह निवाई पहुंचकर उन्हें किन्नर अखाडे की प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर साफा एवं माल्यार्पण कर बुधवार को स्वागत किया। स्नेह मिलन के दौरान संस्थान के संरक्षक प्रहलाद सैनी, कैलाश कंपाउंडर, कमलेश सैनी, महेश सैनी, बृजमोहन सैनी व बनवारी सैनी सहित आदि समाज बंधु उपस्थित थे।

# सरकार ने जनता से किए हर वायदे को पूरा किया : रामहेत

**किशनगढ़ बास।** सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर दो साल की उपलब्धियों को लेकर रविवार को किशनगढ़ बास के ग्राम मीरका पंचायत पर पहुंचे रथ का राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य व पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा नेताओं एवं ग्रामीणों ने स्वागत किया गया।

राजस्थान भाजपा सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सरकार की उपलब्धियां एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शनिवार को विकास रथों को रवाना किया था। इसी कड़ी में जिला प्रभारी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने खैरथल सचिवालय पर तिजारा, मुंडावर व किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था । यात्रा संयोजक व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा ने बताया कि रविवार को सरकार की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने एवं सुझाव को लेकर सरकार का विकास रथ किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीरका पर पहुंचा। पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा नेताओं व ग्रामीणों की ओर से स्वागत किया गया। विकास रथ पर लगी एवं एलईडी स्क्रीन पर सरकार की 2 साल की उपलब्धियों को



किशनगढ़ बास के गांव मीरका में विकास रथ पर लगी स्क्रीन पर विकास की उपलब्धियां को ग्रामीणों के साथ बैठकर पूर्व विधायक रामहेत यादव व भाजपा नेताओं ने देखा ।

**■ भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों के साथ बैठकर स्क्रीन पर देखी विकास और योजनाओं की यात्रा**

ग्रामीणों के साथ बैठकर देखा । इस दौरान राष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कहा कि राजस्थान में भजन लाल सरकार जनता से किए हर वायदे को पूरा करने की दिशा में निरन्तर आगे बढ़ रही है। जो कहा उसे पूरा किया हैं। भजनलाल सरकार हर क्षेत्र में जन जन की आशाओं और आकांक्षाओं पूरा कर रही है। यादव ने कहा अभी हाल ही में कोटकासिम, किशनगढ़बास में विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया है, और आने वाले दिनों में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ मिलकर पूरे क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास कर नए आयाम स्थापित करेंगे। खैरथल और किशनगढ़बास के बीच 4 लेन सड़क, आधुनिक प्याज मंडी, स्टेडियम, बाईपास, मुख्य बस स्टैंड सहित बहुत से विकास कार्य होने है।

## सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**कोटपूतली ।** क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने रविवार को टापरी रोड़ से आदित्य इंटरनेशनल स्कूल तक सड़क निर्माण कार्य का बतौर मुख्य अतिथि शिलान्यास किया गया। उक्त सड़क का निर्माण 72 लाख 22 हजार रूपये की लागत से होगा। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण

**■ 72 लाख 22 हजार रूपये की लागत से निर्माण होगा**

विकास के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। नई सड़क के निर्माण से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आम जनता को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नया आयाम मिलेगा। इस सड़क के निर्माण से ना केवल ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन और अधिक सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और रोज़गार के अवसरों को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, मजबूत आधारभूत ढांचे और आमजन की सुविधा के लिए हम दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर कार्यरत हैं। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम सिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष अरूण सैनी, महामंत्री रमेश पायला, आदित्य पटेल, कमल कसाना समेत बडी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## सार-समाचार

### 'राष्ट्र की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नही'

**कोटपूतली ।** निकटवर्ती ग्राम मोलाहेड़ा में रविवार को शहीद बहादुर सिंह की 54 वीं पुण्यतिथि पर विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी व फिता काटकर विधिवत शिविर का शुभारंभ किया। पटेल ने कहा कि राष्ट्र की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। राष्ट्र धर्म को निभाने में दुनिया भर में भारत का नाम शिखर पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि शहीदों की बदौलत ही हम अपने घरों में सलामत हैं, इनका सम्मान करना हमारे लिये गौरव की बात हैं। शिविर के माध्यम से ठाामीणजनों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण व परामर्श की सुविधा मिली, जो वास्तव में एक सराहनीय एवं मानव सेवा का कार्य है। शिविर में करीब 400 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। इस दौरान सरपंच राजेन्द्र गुर्जर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर व महेन्द्र गुर्जर, नर्सिंग अधिकारी नासीर मोहम्मद खान, रामकुमार उपसरपंच, हरदान लंबरदार, दीनाराम, कैलाश, छाजू, मदन कुमावत, दयाराम जांगिड, डॉ. भागीरथ, डॉ. सुभाष, गोकुल सेठ, डॉ. संतोष पटेल, ताराचंद मेहताला सहित जनसेवी संस्थान व श्रॉफ हॉस्पिटल अलवर की टीम मौजूद रही। उल्लेखनीय हैं कि शहीद बहादुर सिंह गुर्जर 21 राजपूत रेजीमेंट में कार्यरत थे। 1971 के भारत- पाक युद्ध में ऑपरेशन फेक्टस में शौर्य पराक्रम का परिचय देते हुये वीरगति को प्राप्त हो गये थे।

### अब्दुल लतीफ जिलाध्यक्ष बने

**फुलेरा।** क़ुरैशी महासभा संस्थान, राजस्थान (पंजीकृत) की कोर कमेटी की बैठक जयपुर सिविल लाइंस स्थित हाजी राशिद कुरैशी (उपाध्यक्ष) के कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता हाजी मक़बूल मंडेलिया ने की। संगठन विस्तार के तहत कोर कमेटी की ओर से प्रदेश के विभिन्न जिलों के नवीन जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई। इस अवसर पर फुलेरा निवासी अब्दुल लतीफ कुरैशी को जयपुर पश्चिम का जिलाध्यक्ष एवं सह प्रवक्ता नियुक्त किया गया। बैठक में हाजी इंसाफ़ कुरैशी, हाजी राशिद अहमद कुरैशी, हाजी मोहम्मद मुस्तफ़ा कुरैशी, साजिद सुलेमानी कुरैशी, हुसैन सुल्तानिया, कैप्टन जमील कुरैशी, क़यामुद्दीन कुरैशी, शब्बीर मोहम्मदी, फ़सीउद्दीन कुरैशी, डॉ. आरिफ कुरैशी, नूरुद्दीन कुरैशी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए अब्दुल लतीफ कुरैशी ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष हाजी मक़बूल मंडेलिया एवं जनरल सेक्रेटरी साजिद सुलेमानी की ओर से जताए गए विश्वास पर वह पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे और संगठन को मज़बूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अब्दुल लतीफ कुरेशी के जिलाध्यक्ष बनने पर फुलेरा के राजनैतिक, सामाजिक व व्यापारिक लोगों ने शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की है।

### नामांकन प्रक्रिया शुरू

**कोटपूतली ।** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित श्री जयसिंह गौशाला के द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर चुनाव प्रक्रिया के तहत मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुरेष मोठुका एवं बजरंग लाल शर्मा की उपस्थिति में रविवार को प्रातः 11 बजे से नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिये संदीप पुत्र जगन्नाथ प्रमाद शर्मा, महामंत्री पद पर प्रहलाद चन्द पुत्र हनुमान प्रसाद बंसल, कोषाध्यक्ष के लिये सुरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र हरिलाल बालास्या ने नामांकन प्रस्तुत किये। सोमवार को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक फॉर्म भरने की अन्तिम समय सीमा है। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच व बुधवार फॉर्म वापिस करने की समय सीमा है। गौशाला के क्रियाशील व आजीवन सदस्य ही मतदान व नांमाकन कर सकते है। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष सुरेश पायोनियर, सुरेन्द्र बालास्या, नन्दलाल जोशी, जुगल शर्मा, दिनेश सिंह राठौड़ समेत अन्य मौजूद रहें।

### महिला मोर्चा ने की बैठक

**भरतपुर ।** राज्य की भाजपा सरकार के कार्यकाल को 02 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा द्वारा रंजीत नगर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता गोयल ने की। बैठक की मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नरेश बंसल और जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा रहीं। 15 दिसम्बर को रक्तदान शिविर में बढ चढ कर हिस्सा लेने हेतु सभी महिला कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

## स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये आरोग्य शिविर लगेंगे

**कोटपूतली ।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान की थीम पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों पर आरोग्य शिविर लगाये जायेगें। जिसके अंतर्गत यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन होगा। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि जिले में प्रत्येक चिकित्सा संस्थान पर आरोग्य शिविर का आयोजन कर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जायेगी। जिला मुख्यालय पर आयोजित आरोग्य शिविरों में ओपीडी सेवायें- जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग, शिशु रोग, ऑर्थोपेडिक, ईएनटी, कैंसर स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण- रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया, टीबी, अंधता, जन जातीय जिलों में सिकल सेल स्क्रीनिंग गर्भवती महिलाओं हेतु एएनसी जांच एवं

**■ राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय पर लगेगा जिला स्तरीय आरोग्य शिविर**

परामर्श, एमसीपी कार्ड वितरण किया जायेगा। शिविर में शिशु एवं बालकों की जांच एवं टीकाकरण, विभिन्न प्रकार के डायग्नोस्टिक टेस्ट, आवश्यक दवाईयों का वितरण, मानसिक धर्म स्वच्छता, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता सत्र लगाये जायेगें। आरसीएचओ डॉ. अरविंद अठावाल ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य से संबंधित सभी विभागीय योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को विभागीय योजनाओं से संबंधित कोई भी आमजन लाभ से वंचित नही रहने के निर्देश दिये गये हैं।

## 'बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें'

**बौंली -बामनवास ।** ग्राम पंचायत लाखनपुर के माध्यमिक हरि ओम पब्लिक विद्यालय में शिक्षक एवं अभिभावकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य शंभू दयाल शर्मा थे एवं मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय देवली, टोंक से आचार्य रविंद्र कुमार जांगिड रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शंभू दयाल शर्मा ने कहा कि अभिभावकों को समय-समय पर छात्र-छात्राओं की स्थिति के बारे में जानकारी देनी चाहिए एवं बच्चों को मोबाइल फोन नहीं देने चाहिए। मुख्य वक्ता आचार्य रविंद्र जागिंड ने कहा कि शिक्षकों की जितनी जिम्मेदारी है उतनी ही अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है, क्योंकि बच्चे विद्यालय में मात्र 6 घंटे रहते हैं जबकि घर पर 18 घंटे रहते हैं, चाहे पुराना समय हो या फिर आज का बिना शिक्षा के व्यक्ति अपने परिवार व देश की उन्नित नहीं कर सकता।

## रामनिवास यादव बार एसोसियेशन के अध्यक्ष बने

**पावटा।** अभिभाषक संघ पावटा की कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुये। प्रातः 10 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होते ही न्यायालय परिसर में गहमागहमी का माहौल देखा गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतिराम मीणा तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी विष्णु कुमार शर्मा और महेश कुमार की देख रेख में मतदान प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक चला। कुल 35 पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया। जहां अध्यक्ष पद पर एडवोकेट रामनिवास यादव ने 35 में से 20 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमलकांत शर्मा को 5 मतों से हराकर जीत दर्ज की। वहीं उपाध्यक्ष राजेश यादव, सचिव सुरेन्द्र सिंह शेखावत तथा कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार यादव निर्विरोध चुने गए। मतगणना पूर्ण होने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतिराम मीणा व सहायक अधिकारियों ने सभी विजेता उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

**■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतिराम मीणा तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी विष्णु कुमार शर्मा की देख रेख में मतदान प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक चला।**

जैसे ही परिणाम घोषित हुए, विजयी उम्मीदवारों का माला-साफा पहनाकर स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर खुशी का इजहार करते हुए समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कार्यकारिणी पदाधिकारियों को बधाई दी। निर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खैरथल की सड़के चमकी

**खैरथल।** सरकार के सफल दो वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को नगर परिषद खैरथल के द्वारा शहर मे सड़कों पर साफ सफाई की गई एवं व्यापक स्वच्छता एवं जन-जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ शहर की अवधारणा को सशक्त करना रहा। नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत रविवार को हनुमान पहाड़ी मंदिर एवं पार्क परिसर में सामूहिक श्रमदान किया गया तथा मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा, झाड़-झंखाड़ एवं गंदगी हटाई गई।

स्वच्छता गतिविधियों के अंतर्गत शहरवासियों को साफ-सफाई के प्रति प्रेरित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम के तहत हनुमान पहाड़ी पार्क से रेलवे अंडरपास होते हुए अंबेडकर सर्किल से नगर परिषद सभागार तक स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली में नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन ने भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता वाहन रैली निकाली



शाहपुरा राइडर्स ग्रुप के सहयोग से पुलिस थाना शाहपुरा से श्री कल्याण सिंह सीनियर सैकंडरी स्कूल तक यातायात नियमों को लेकर जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया।

**शाहपुरा ।** शाहपुरा शहर में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आरटीओ द्वारा शाहपुरा राइडर्स ग्रुप के सहयोग से पुलिस थाना शाहपुरा से श्री कल्याण सिंह सीनियर सैकंडरी स्कूल तक यातायात नियमों को लेकर जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया। भाजपा जयपुर जिला

**■ बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को हेलमेट दिये**

देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवायुष सिंह, डीटीओ यशपाल सिंह यादव, वृताधिकारी शाहपुरा मुकेश चौधरी , थानाधिकारी शाहपुरा रिया चौधरी की उपस्थिति में वाहन चालको को सड़क सुरक्षा अभियान के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट वितरित किए गए।

## पेंशनर दिवस 17 को

**फुलेरा।** राजस्थान पेंशनर समाज फुलेरा की कार्यकारिणी की आपात बैठक शक्ति सिंह की अध्यक्षता में गणगौरी बाजार स्थित श्रीरामद्वारा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस के आयोजन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया साथ ही आयोजन समिति का गठन भी किया गया, जिसमें रमेशचंद गोठवाल, सत्यनारायण शर्मा, विमलकुमार शर्मा, भंवरलाल कुमावत, प्रभुदयाल कुमावत को मनोनीत किया गया। पेंशनर शाखा अध्यक्ष शक्ति सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में 75 वर्ष या अधिक आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि बैठक में पेंशनरों की विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई, जिनमें पेंशनर के हितों पर कुठाराघात से सम्बंधित सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने सम्बंधी ज्ञापन उपखंड अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर रामेश्वरलाल यादव, मदन मेहरा, भंवरलाल कुमावत, नाथूलाल मावर, ओमप्रकाश शर्मा सहित अनेक पेंशनर मौजूद रहे।

# अरुण चतुर्वेदी ने विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी

**कोटपूतली ।** राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने रविवार को कोटपुतली में प्रेस वार्ता आयोजित कर सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि 2 वर्ष पूर्व प्रदेश की जनता ने सरकार पर भरोसा दिखाया और सेवा का मौका दिया। पिछले दो सालों में हमने प्रदेश के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का काम किया है। राजस्थान सरकार के दो वर्ष सुशासन, विकास और विश्वास के दो वर्ष हैं, जिन्होंने प्रदेश की दिशा और दशा दोनों बदलने की ठोस शुरुआत कर दी है। प्रदेश सरकार के ये दो वर्ष प्रदेश के चहुंमुखी विकास और जन-जन के कल्याण को समर्पित रहे हैं।

**■ प्रदेश सरकार के ये दो वर्ष प्रदेश के चहुंमुखी विकास और जन-जन के कल्याण को समर्पित रहे हैं। इन दो वर्षों में सरकार ने न केवल नीतिगत सुधार किए हैं, बल्कि धरातल पर दिखने वाले कामों से यह संदेश दिया है कि ईमानदार इच्छा शक्ति हो तो राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा करना कोई दूर की बात नहीं।**

इन दो वर्षों में सरकार ने न केवल नीतिगत सुधार किए हैं, बल्कि धरातल पर दिखने वाले कामों से यह संदेश दिया है कि ईमानदार इच्छा शक्ति हो तो राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा करना कोई दूर की बात नहीं। हमने केवल कहा नहीं, बल्कि करके दिखाया है, आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। हमारे द्वारा संकल्प पत्र में कुल 392 संकल्प लिए गए थे जिसमें से 274 संकल्प या तो पूर्ण कर लिए गए या फिर प्रगतिरत हैं। हमने जनता से जो काम पांच साल में पूरे करने का वादा किया था, उनमें से 70 कार्य 2 वर्ष में ही कर चुके हैं। बजट घोषणाओं की बात करें तो पिछले दो वर्षों की गई कुल घोषणाओं में से 73 प्रतिशत घोषणाएं या तो पूर्ण हो चुकी है या प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने साफ नीयत, प्रभावी क्रियान्वयन और पूर्ण पारदर्शिता के साथ ऐसा प्रशासन दिया है, जिसने राजस्थान को देश के बेस्ट परफॉर्मर स्टेट की श्रेणी में पहुँचा दिया है। आज राजस्थान 11 राष्ट्रीय योजनाओं में प्रथम स्थान पर है, 5 योजनाओं में द्वितीय स्थान पर है, 9 योजनाओं में तृतीय स्थान पर है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता, मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। जहाँ पहले योजनाएँ फाइलों में दबा दी जाती थीं, वहीं हमने उन योजनाओं को ज़मीन पर उतारा, और सीधे जनता तक उनका लाभ पहुँचाया।

# बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान विकास रथ रवाना हुआ

**पावटा।** विकसित राजस्थान के शिल्पकार प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सुशासन दिवस - सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बदलता राजस्थान - बढ़ता राजस्थान रथ को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ एवं जयपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल सहित सम्मानित जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विराटनगर गणेश मंदिर परिसर से 'बढ़ता

राजस्थान - हमारा राजस्थान' थीम आधारित विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया। इस दौरान विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है। सरकार ने दो वर्षों

**■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयाँ छू रहा है : धनकड़**

में आमजन के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं और विकास की गति तेज हुई है।

उन्होंने बताया कि विकास रथ विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर प्रदेश सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएंगे। रथों में सुझाव पेटिका भी रखी गई है, जिसमें नागरिक विकास कार्यों और नीतियों को लेकर अपने मूल्यवान सुझाव दे सकेंगे। राज्य सरकार इन सुझावों पर गंभीरता से अमल करेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में राज्य सरकार गरीब, युवा, महिला और किसान वर्ग के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश के दो वर्ष पूर्ण होने पर जनभागीदारी आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें अधिकाधिक सहभागिता की अपील की गई। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार 'विकसित राजस्थान-समृद्ध राजस्थान' के मंत्र को आत्मसात करते हुए जनकल्याण, सुशासन और समावेशी विकास के पथ पर निरंतर अठासर है। वही जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने कहा कि यह रथ यात्रा विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नगरपालिका व ठााम पंचायत में पहुँचकर सरकार की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और सर्वांगीण विकास के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाएँगी तथा सुशासन के प्रति सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का सशक्त संदेश देंगी। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार लालाराम यादव, विराटनगर शहर मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, जिला मंत्री सीमा सैनी, त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष प्रमोद सैनी, बाणगंगा मंडल अध्यक्ष महेश यादव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सरदार यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि फूलचंद सैनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता छाजूलाल जांगिड़, रामेश्वर मीणा, रोमेश मिश्रा, महेंद्र सैनी, जगदीश गुर्जर, अजय जैन, सत्यनारायण सैनी, दीपेश चौबे, मामराज सोलंकी, नरेंद्र शर्मा, जितेंद्र मीणा, बाबूलाल मीणा, भेरुजी सैनी, घनश्याम सैनी, महेश शर्मा, रामरतन शर्मा, सुरेंद्र पापडा, , रघुवीर सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन मौजूद रहे।

# टोंक भाजपा जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में विकास रथ रवाना

**टोंक।** भाजपा सरकार के ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के टोंक विधानसभा हेतु विकास रथ को मंशापूर्ण महादेव मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना कर रवाना किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि यह रथ टोंक विधानसभा में भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और विकास के संकल्प का संदेश तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचायेगा। यह रथ यात्रा 13 दिसंबर से 26 दिसंबर तक चलने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य गांव-गांव ढाणी ढाणी जाकर सरकार



भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने विकास रथ को मंशापूर्ण महादेव मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना कर रवाना किया।

की उपलब्धियों से अवगत कराना है। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें गांधी गौशाला में गौ पूजन एवं चारा वितरण किया जायेगा तथा सआदत अस्पताल टोंक में रक्तदान शिविर एवं फल वितरण किया जायेगा। वही जगदीश सेवा संस्थान में बृज विहार में मानसिक विमंदित बच्चो को भोजन ग्रहण करवाया जायेगा।

इस अवसर पर सुशासन पखवाड़ा

**■ रथ टोंक विधानसभा में विकास के संकल्प का संदेश तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचायेगा**

के टोंक विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सवाईमाधोपुर प्रेमप्रकाश शर्मा, जिला सहसंयोजक राजेश मंगल, विधानसभा संयोजक शैलेंद्र चौधरी सहसंयोजक प्रधान काबरा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सैनी, जिला मंत्री तरुण टिक्कीवाल, नीलिमा आमेरा, हरिराम यादव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।